प्रेस कॉन्फ्रेंस

मूवी को रिलीज को लेकर प्रेसवार्ता में प्रोड्यूसर, डायरेक्टर ने दी जानकारी

सिंगल मदर की संघर्षपूर्ण कहानी पर आधारित बच्चा गैंग मूवी

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 30 जनवरी, सिंगल मदर और बच्चों की परवरिश जैसे संवेदनशील विषय पर आधारित फिल्म बच्चा गैंग अब रिलीज हो चुकी है। यह फिल्म बच्चों की सही परवरिश कैसे की जाए, समाज में बढ़ती चुनौतियों के बीच बच्चों को किस दिशा में मार्गदर्शन दिया जाए—इन पहलुओं को बेहद भावनात्मक और प्रभावशाली ढंग से दर्शाती है।

फिल्म की खास बात यह है कि इसकी शूटिंग मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में भी की गई है, जिससे स्थानीय दर्शकों में फिल्म को लेकर खास उत्साह देखने को मिल रहा है। फिल्म में प्रख्यात अभिनेता आशुतोष राणा के साथ कई प्रतिभाशाली बाल कलाकारों ने अहम भूमिकाएं निभाई हैं। बच्चों की मासूमियत और सिंगल मदर के संघर्ष को कहानी के केंद्र में रखा गया है। फिल्म की रिलीज के मौके पर आयोजित प्रेस वार्ता में प्रोड्यूसर और डायरेक्टर ने बताया कि बच्चा गैंग केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज को एक सकारात्मक संदेश देने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म अभिभावकों को सोचने पर मजबूर करेगी कि बच्चों की परवरिश में संवाद, समझ और समय कितना जरूरी है। कुल मिलाकर बच्चा गैंग एक सामाजिक संदेश से जुड़ी ऐसी फिल्म है, जो बच्चों, अभिभावकों और समाज तीनों के लिए प्रासंगिक मानी जा रही है।

दशहरा मैदान में हिंदू सम्मेलन आयोजित, यज्ञ व कलश यात्रा से हुआ शुभारंभ

हमारी सुगंध हमारा ब्रांड हमारी संस्कृति में है ना कि स्वदेशी वस्तुओ में : सरस्वती दीदी जी

नवभारत न्यूज

चौरई, 30 जनवरी, चौरई नगर के दशहरा मैदान में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री परिवार द्वारा वैदिक यज्ञ एवं माता मंदिर से निकाली गई जल कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर नगर भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचकर सहभागिता की।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सरस्वती दीदी जी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा चलाए जा रहे ÷पंच परिवर्तन÷ अभियान के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने धर्म, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण पर जोर देते हुए लोगों से अपने मूल संस्कारों से जुड़े रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपने धर्म और परंपराओं का सम्मान करते हुए समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने नई पीढ़ी के संदर्भ में परिवार और गुरुओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बच्चों को अपनी संस्कृति, भाषा और परंपराओं से जोड़ना आवश्यक है। शिक्षा व्यवस्था पर बोलते हुए मातृभाषा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कही। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में अधिक से अधिक वृक्षारोपण और उनके संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मंच से श्रीराम संकीर्तन किया गया, जो कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। अपने उद्बोधन के अंत में उन्होंने सामाजिक एकता और समरसता पर जोर देते हुए सभी से मिलजुलकर राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया। सम्मेलन के पश्चात नगर के प्रतिभाशाली व्यक्तियों का सम्मान कर उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके बाद भारत माता की आरती एवं समरसता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी समुदायों के लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत एवं आभार प्रदर्शन संयोजक वेद प्रकाश चौरसिया ने किया, जबकि मंच संचालन गजेंद्र राय द्वारा किया गया। पूरे आयोजन के दौरान प्रशासन, स्वयंसेवकों और नगर के गणमान्य नागरिकों की सक्रिय उपस्थिति रही।

किसान कल्याण वर्ष 2026 की जागरूकता के लिए निकाली गई भव्य बाइक रैली

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 30 जनवरी, जिले में किसान कल्याण वर्ष 2026 की जागरूकता के लिए भव्य मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। यह रैली कलेक्टर कार्यालय के सामने स्थित ग्राउंड से प्रारंभ हुई और सत्कार तिराहा, इंदिरा तिराहा, फव्वारा चौक, ईएलसी चौक होती हुई कलेक्टर कार्यालय के सामने स्थित ग्राउंड में ही इसका समापन हुआ।

इस रैली में लगभग 500 किसानों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारी, कर्मचारियों ने सहभागिता कर इसे सफल बनाया। उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार किसानों के प्रति सम्मान प्रकट करने, खेती को लाभप्रद बनाने के लिए जागरूकता लाने, कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी व सहकारिता विभागों द्वारा किसानों को जैविक खेती, प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने, साप्ताहिक जैविक/ प्राकृतिक हाट बाज़ार के प्रति जागरूकता लाने, उर्वरक वितरण की नई व्यवस्था ई- विकास प्रणाली की जानकारी देने, धरती माता बचाओ अभियान के अंतर्गत संतुलित उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने, धरती माता एवं पर्यावरण को बचाने के लिए नरवाई प्रबंधन की जानकारी देने, गौ पालन को प्रोत्साहित कर प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने आदि के उद्देश्यों से जिला मुख्यालय पर इस भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में अधिकारी और नेतागण शामिल हुए.

भाजपा कार्यालय में जिला कार्यशाला को सांसद ने किया संबोधित

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 30 जनवरी, भाजपा कार्यालय छिंदवाड़ा में विकसित भारत गारंटी फोर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन ग्रामीण एक्ट के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर सांसद बंटी विवेक साहू ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि वीबी जीरामजी केवल एक सरकारी योजना नही बल्कि आने वाली पीढियां के उज्वल भविष्य का रोडमैप है। इससे जहां गांवों की तस्वीर बदलेगी वही गांवों में ही रोजगार का सृजन भी हो सकेगा इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की योजनायें अंतिम पंक्ति में खडे व्यक्ति तक पहुंच रही है। जिससे गांव, गरीब, किसान और श्रमिक सशक्त हो रहे है। उन्होंने कहा कि आप सभी ने जिस तरह एसआईआर मे सक्रिय रूप से कार्य किया है उसी तरह से अब इस वीबी जीरामजी अभियान को जन आंदोलन बनाते हुये घर-घर तक इसकी जानकारी पहुचायें, ताकि हर नागरिक विकास की इस यात्रा में सहभागी बन सके। प्रत्येक कार्यकर्ता विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में अपना सक्रिय योगदान दे।

सांसद ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

सांसद श्री साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार गरीबो के उत्थान में काम कर रही है। विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के परिणाम स्वरूप 25 करोड़ नागरिक गरीबी से मुक्त हो चुके है। पिछले एक दशक में सरकार द्वारा गरीबों के लिए 4 करोड़ पक्के मकानों का निर्माण कराया गया है। जिसमें से 32 लाख मकान केवल पिछले एक वर्ष में ही बनाए गए है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत केवल पॉच वर्षों में 12.5 करोड़ नए परिवारों तक नल से जल पहुंचा है।

सत्य व अहिंसा के पुजारी बापू को कांग्रेसजन ने किया नमन

पुष्पांजलि अर्पित कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 30 जनवरी, सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलते हुये देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराने व स्वतंत्र राष्ट्र के नवनिर्माण के लिये अपना सर्वस्व त्याग देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को कांग्रेस ने शहीद दिवस के रूप में मनाया।

स्थानीय गांधी चौक (फव्वारा चौक) में शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसके पश्चात गांधी गंज पहुंचकर कांग्रेसजन ने बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सत्य व अहिंसा के पुजारी बापू के व्यक्तित्व व कृतित्व पर कांग्रेस के वक्ताओं ने प्रकाश डाला। अंग्रेजों भारत छोड़ा व स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन ने अंग्रेजों को भारतवर्ष छोड़ने पर मजबूर कर दिया। आयोजित श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने कहा कि बापू ने अंग्रेजों के द्वारा बनाये गये नमक कानून को तोड़कर भारतवासियों को अंग्रेजों से लड़ने के लिये एक नया हौसला व बल दिया। उनके प्रयासों से जब देश आजाद हुआ तो अनेकों समस्यायें थीं। लोगों में जाति व वर्ण भेद की लड़ाई छिड़ चुकी थी जो ना केवल देश के लिये घातक थी अपितु हर समाज व वर्ग को बांट रही थीं। इन सामाजिक कुरीतियों को मिटाने के लिये पुनः बापू ने यात्रायें निकाली और जन-जन तक आपसी भाइचारे व प्रेम का संदेश पहुंचाया। शहीद दिवस पर कांग्रेसजन ने उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। गांधी चौक पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पूज्य बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम व रामधुन का सामूहिक रूप से गायन किया। गांधी गंज पहुंचे कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गांधी की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर शत-शत् नमन किया। कांग्रेस के वक्ताओं ने श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि नाथूराम गोड़से नाम आतंकवादी ने आज ही के दिन बापू की हत्या की थी। नाथूराम गोड़से से ही देश में आतंकवाद की शुरुआत हुई है उसने भी एक विचारधारा से प्रेरित होकर ही ऐसा कदम उठाया था और वही विचारधारा आज देश को आर्थिक, सामाजिक व मानसिक रूप से खोखली कर रही है। बापू के बताये मार्ग पर चलते हुये कांग्रेस एक ऐसी विचारधारा से लड़ रहे हैं जो पुनः देश को जाति और धर्म के आधार पर बांट रही है। आयोजित दोनों ही कार्यक्रम में गंगाप्रसाद तिवारी, सुरेश कपाले, पप्पू यादव, दीपक बाजपाई, जीत अरोरा, जाकिर परवेज, गुंजन शुक्ला, दीपा यादव, टिंकू राय, तरूण कराड़े, फिरोज खान, चिंटू काले, नितिन उपाध्याय, अर्जुन बघेल, राजेन्द्र शर्मा, नारू सोनी, शिव सिरसाम, संजय परतेती, दीपक पांडे, प्रकाश महरोलिया, रानू डेहरिया, डॉ. शबाना यास्मीन खान, रमेश बेले सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

नोनिया करबल मंदिर में श्रमदान करेगा कांग्रेस सेवादल

छिंदवाड़ा। कांग्रेस सेवादल के द्वारा नोनिया करबल मंदिर में श्रमदान कर साफ-सफाई की जाएगी। कांग्रेस सेवादल के पश्चिम उप ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश भावे ने बताया कि दिनांक 31 जनवरी 2026 दिन शनिवार को कांग्रेस सेवादल के द्वारा नोनिया करबल मंदिर में श्रमदान किया जाएगा। मंदिर के भीतर व परिसर में साफ-सफाई की जाएगी। श्रमदान में कांग्रेस सेवादल के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहेंगे।

गोधूलि वृद्धाश्रम में ध्यान कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 30 जनवरी, नगर निगम क्षेत्रांतर्गत सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा ब्रह्मकुमारी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में मद्य निषेध दिवस के अवसर पर गोधूलि वृद्धाश्रम में विशेष ध्यान (मेडिटेशन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम आमजन के साथ-साथ वृद्धजनों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ब्रह्मकुमारी संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा ध्यान एवं सकारात्मक जीवनशैली पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया, जिससे वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों को मानसिक शांति एवं ऊर्जा की अनुभूति हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक मंच से हरनाम बट्टी एवं उनके सहयोगी उपस्थित रहे। साथ ही सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के प्रमुख कलाकार नरेंद्र पाल, सुखसागर कुड़ापे, श्री कुमरे, अविनाश, अभिजीत चौकसे तथा नगर निगम की सामाजिक सुरक्षा अधिकारी श्रीमती लीना उइके की उपस्थिति रही।

मतदाताओं को दिलाई शपथ और निकाली जागरूकता रैली

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 30 जनवरी, नये 50 मत मतदाताओं का किया बैच लगाकर स्वागत ÷छिंदवाड़ा .आमजनों को अधिक से अधिक मतदान करने व मतदान हमारा अधिकार के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रुप मे ग्राम के सरपंच कपिल ठाकुर ,विशेष अतिथि बी आर सी विनोद वर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष परसादी पटेल माय भारत छिंदवाड़ा के जिला युवा अधिकारी सुषमा गवली, समाजसेवी श्यामल राव , प्राचार्य बी एस सीलू , जिसके तहत आज अमरवाड़ा विकास खंड के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सिंगोडी मे , माय भारत छिंदवाड़ा शिक्षा विभाग प्रशासन,के द्वारा मनाया गया इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी सुषमा गवली ने उपस्थित जनो को सम्बोधित करते हुये बताया की आज के इस कार्यक्रम मे छात्रो के द्वारा रैली सायकल रैली सेल्फी प्रर्दशन, जागरूकता कार्यक्रम, संवाद ओर शपथ आदि गतिविधियों के माध्यम से वोट के महत्व समझाया गया । सरपंच अनिल ठाकुर ने कहा की लोकतंत्र की निर्वाचन प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए मतदाताओं से कहा की अपने ग्राम मे निवास रत व्यक्ति जिन्होंने 18 वर्ष पूर्ण कर लिया हो उन्हें चिन्हित कर नजदीकी बी एल ओ से सम्पर्क कर मतदाता सूची मे अपना नाम दर्ज करवाने की अपील करते हुये हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।वही उपस्थित अतिथियों के द्वारा नये चिन्हित मतदाताओं का बैच लगाकर किया अभिवादन । तदोपरांत सामाजिक कार्यकर्ता शयामल राव ने कार्यक्रम उपरांत मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई ।

कांग्रेस किसान मोर्चा के ब्लाक अध्यक्ष बने देवकरण पटेल

नवभारत न्यूज

मोहखेड़, 30 जनवरी, मोहखेड़ ब्लाक कांग्रेस किसान मोर्चा के अध्यक्ष देवकरण बने। कांग्रेस किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह ने देवकरण पटेल को किसान मोर्चा मोहखेड अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है।



नवनिर्वाचित कांग्रेस मोहखेड किसान मोर्चा के अध्यक्ष ने कहा कि कृषि बाहुल मोहखेड में मुझे कांग्रेस किसान मोर्चा का अध्यक्ष पद का जो दायित्व सौंपा गया है। उसे सही तरीके से निर्वहन करूंगा और उपेक्षित व पिछड़े किसानों को हर सरकारी एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ से जुड़ने एवं कृषि क्षेत्र में जागरुकता लाने के लिए प्रयासरत रहूंगा। उन्होंने अपने मनोनयन के लिए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ, कांग्रेस जिलाध्यक्ष विशवनाथ ओकटे एवं मोर्चा के जिला अध्यक्ष चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह समेत कांग्रेस प्रदेश एवं जिला के तमाम पदाधिकारियों के प्रति आभार जताया है।

MOIL LIMITED
(A Government of India Enterprise)
MOIL Bhawan, 1A, Katol Road, Nagpur – 440 013
Website : www.moil.nic.in | E-mail: compliance@moil.nic.in
Telefax: 0712-2591661 | CIN : L99999MH1962GOI012398

Extracts of un-audited financial results for the quarter and nine months ended 31st December, 2025

₹ in Lakhs

Sr. No.	Particulars	Quarter Ended 31.12.2025 Unaudited	Quarter Ended 31.12.2024 Unaudited	Nine months ended 31.12.2025 Unaudited
1	Total income from operations	35991.34	36681.61	105602.10
2	Net profit /(loss) for the period (before tax, exceptional and /or extraordinary items)	6990.76	8904.93	22348.77
3	Net profit /(loss) for the period before tax (after exceptional and /or extraordinary items)	6990.76	8904.93	22348.77
4	Net profit/(loss) for the period after tax (after exceptional and /or extraordinary items)	5292.24	6367.61	17486.67
5	Total comprehensive income for the period [comprising profit/(loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)]	5120.86	6368.09	14821.21
6	Equity share capital (Face value of ₹10 each)	20348.52	20348.52	20348.52
7	Reserve (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Balance Sheet	251323.70	246368.19	251323.70
8	Earnings per share from continuing operations (Face value of ₹10 each) Basic	2.60	3.13	8.59
	Diluted	2.60	3.13	8.59

Notes :
(1)The above results, reviewed by the Audit Committee, have been approved by the Board of Directors in its meeting held on 30th January, 2026 and have been reviewd by Statutory Auditors of the company. This statement has been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (Ind AS) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.
(2) The board has approved second interim dividend of ₹3.53 per equity share for the financial year 2025-26
(3)The above is an extract of the detailed format of financial results for the quarter and nine months ended on 31st December, 2025 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. Financial results in detailed format are available on the websites of Stock Exchanges (www.bseindia.com and www.nseindia.com) and on the Company's website (www.moil.nic.in).
(4) MOIL has no subsidiary/associate/joint venture company as on 31st December,2025.
(5) Previous period's figures have been regrouped/reclassified, wherever necessary to make them comparable. The figures for the quarter ended 31st December, 2025/2024 are balancing figures between the unaudited figures of half year and reviewed figures upto 31st December, 2025/2024.

Scan QR Code for detailed Results

Place : New Delhi
Date : 30th January,2026

For MOIL Limited
Sd/-
Vishwanath Suresh
Chairman-cum-Managing Director
DIN : 10059734

(हर एक काम, देश के नाम) (MOIL - Adding Strength to Steel)

ज्वेलरी प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों की क्रिएटिविटी को मिला नया मार्ग

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 30 जनवरी, महात्मा गांधी पुण्यतिथि के अवसर पर स्वच्छता, स्वावलंबन और रचनात्मक शिक्षा के संदेश के साथ वेस्ट मटेरियल ज्वेलरी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी वेस्ट मटेरियल फैशन शो के बाद बच्चों की क्रिएटिविटी को निरंतर दिशा देने की एक ठोस पहल के रूप में सामने आई।

कार्यक्रम का आयोजन बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकास समिति छिंदवाड़ा द्वारा, मॉडल फ्यूचर संस्था के मार्गदर्शन में जैव विविधता बोर्ड भोपाल के सहयोग से मिशन लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट के अंतर्गत आयशा लोधी के नेतृत्व में किया गया। आयोजन का उद्देश्य बच्चों को यह समझाना रहा कि बेकार समझी जाने वाली सामग्री से भी सुंदर, उपयोगी और रचनात्मक ज्वेलरी तैयार की जा सकती है, जिससे आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण दोनों को बढ़ावा मिलता है।इस अवसर पर रोटरी क्लब छिंदवाड़ा के अध्यक्ष रोटेरियन विनोद तिवारी जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह की रचनात्मक गतिविधियाँ बच्चों में नवाचार, आत्मविश्वास और जिम्मेदार नागरिक बनने की सोच विकसित करती हैं, जो महात्मा गांधी के स्वावलंबन के विचारों के अनुरूप है।

चर्चा

सांसद ने सांसद कार्यालय में की आमजनों से मुलाकात

सांसद ने सुनी आमजनों की समस्याएं और किया निराकरण

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 30 जनवरी, सांसद बंटी विवेक साहू ने शुक्रवार को सांसद कार्यालय में आमजनों से मुलाकात करते हुए उनकी समस्याओं को जाना और उसका निराकरण किया। शुक्रवार 30 जनवरी को सांसद श्री साहू से मिलने के लिए सांसद कार्यालय में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हुए थे। आमजनों से मुलाकात करते हुए सांसद श्री साहू ने सभी की समस्याओं सुनते हुए उसका निराकरण किया।

सांसद कार्यालय में अपनी समस्या लेकर पहुंचे आमजनों ने भी सांसद श्री साहू को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए उसका निराकरण करने का निवेदन किया था। जिस पर श्री साहू ने अधिकांश समस्याओं का तत्काल ही निराकरण कर संबंधित अधिकारियों को फोन के माध्यम से समस्या से अवगत कर उसका निराकरण करने के लिए कहा, वही कुछ समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन संबंधित आवेदनकर्ताओं को दिया। इस दौरान छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले से आए हुए आमजनों सहित कुछ सामाजिक और अन्य संगठनों ने सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात करते हुए अपनी मांगों का ज्ञापन भी सौंपा। उल्लेखनीय है कि सांसद बंटी विवेक साहू सांसद कार्यालय सहित जिले में दौरे के दौरान लगातार लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनते हुए उनका निराकरण कर रहे है। आमजनों की समस्याओं का तत्काल निराकरण होने से वे सांसद बंटी विवेक साहू का आभार भी व्यक्त कर रहे है। विदित हो कि छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा की जनता को अब अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए महीनों तक इंतजार नहीं करना पड़ रहा है और ना ही लंबी लाईनों में लगना पड़ रहा है। अब जनता के लिए सांसद बंटी विवेक साहू सहज रूप से उपलब्ध होकर उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण कर रहे है।